मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ से वितरित

# कदम कदम पर

POSTAL REGISTRATION No.MHE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE. MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY

RNI NO MHHIN/2014/55126

महाराष्ट्र द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

■ वर्ष : १० ■ अंक: १५ ■ मुंबई, ■ सोमवार ०९ से १५ जनवरी २०२३ ■ मूल्य : ३ रुपए ■ पृष्ठ : ४

# वेंटिलेटर पर शिंदे-फडणवीस सरकार!

## नहीं देख पाएगी फरवरी का महीना- संजय राउत का दावा



■ कदम कदम पर संवाददाता

**मुंबई।** एक बार फिर बड़ा दावा किया गया है। महाराष्ट्र की शिंदे-फडणवीस सरकार फरवरी का महीना नहीं देख पाएगी। कानून और संविधान के लिहाज से शिंदे गुट के १६ विधायकों की विधायकी अयोग्य ठहरा दी जाएगी। तब तक ये सरकार वेंटिलेटर पर है। सिर्फ ये वक्त को आगे खींच रहे हैं। जैसे ही वेंटिलेटर हटा, यह सरकार गिर जाएगी। यह दावा शनिवार (७ जनवरी) को शिवसेना के ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत ने दिया है। इस बीच चुनाव आयोग १२ जनवरी से शिवसेना के धनुष बाण चुनाव चिन्ह और पार्टी की पहचान पर दावे को लेकर सुनवाई करने जा रहा है। संजय राउत के बयान पर बीजेपी और शिंदे गुट मुंबई बीजेपी के अध्यक्ष आशिष शेलार ने कहा कि संविधान और कानून संजय राउत ने सामना के ऑफिस में लिखा है क्या? रोज एक पुड़िया छोड़ते रहते हैं। यही उनके पास एक काम रह गया है। ऐसा करके वे मीडिया में अपना स्पेस क्रिएट करते रहते हैं। शिंदे गुट के विधायक संजय शिरसाट ने कहा कि जेल जाकर उनके दिमाग का संतुलन बिगड़ गया है। वे अपने दिमाग का चेक अप करवाएं।

■ पढ़ें पेज २ पर

## मुंबई के मस्जिद बंदर इलाके में लगी आग

### अब्दुल रहमान स्ट्रीट में ७-८ दुकानें खाक


■ कदम कदम पर संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में शनिवार (७ जनवरी) की रात भीषण आग लग गई। यह आग मुंबई के मस्जिद बंदर इलाके में लगी। यह आग जामा मस्जिद के करीब अब्दुल रहमान स्ट्रीट में लगी। इस आग में ७ से ८ दुकानें जल कर पूरी तरह से खाक हो गईं। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंच गई। प्राप्त जानकारियों के मुताबिक ये सारी दुकानें ग्राउंड प्लस वन यानी दो मंजिलों की हैं। फायर ब्रिगेड के साथ ही पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई।



इस आग में खुशकिस्मती से किसी शख्स के जख्मी होने या मौत की कोई खबर नहीं है। लेकिन दुकानें पूरी तरह से राख में तब्दील हो गई हैं। ये दुकानें जामा मस्जिद के पास अब्दुल रहमान स्ट्रीट और जांजीकर स्ट्रीट के बीच के हिस्सों में मौजूद हैं। जिस इलाके में आग लगी वह दक्षिणी मुंबई का भीड़-भाड़ वाला इलाका है। अब तक आग लगने की वजह सामने नहीं आ पाई है।

■ पढ़ें पेज २ पर



## संपादकीय

# जातिगत जनगणना

बिहार में जातिगत जनगणना का आगाज एक तरह से नया सामाजिक भविष्य लिखने की ओर बढ़ता कदम है। बिहार में जाति आधारित सर्वेक्षण ७ जनवरी से सभी ३८ जिलों में शुरू होगा। इस सर्वेक्षण में पर्यवेक्षकों और वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा लगभग ५.२४ लाख सर्वेक्षक और सहायक शामिल किए गए हैं। ज्यादातर शिक्षक, कृषि समन्वयक, रोजगार सेवक, विकास मित्र, क्लर्क, मनरेगा कर्मचारी और आंगनवाड़ी सेविकाओं, सहायक टोला सेवक, ममता और आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदी और विभिन्न एजेंसियों के अन्य कर्मचारियों को भी इस बड़े काम में शामिल किया गया है। पहले चरण में बिहार के तमाम घरों को सूचीबद्ध करने का काम होगा। घरों का लोकेशन या नक्शा भी दर्ज किया जाएगा और तमाम जानकारियों को ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा। मार्च-अप्रैल से प्रस्तावित दूसरे और निर्णायक चरण में लगभग २६ तरह की सूचनाएं दर्ज होंगी, जिसमें तमाम तरह के सामाजिक, जातिगत, आर्थिक आंकड़े शामिल होंगे। यह एक तरह से बिहार का पहला विस्तृत भौगोलिक, सामाजिक सर्वेक्षण होगा। जाति के मामले में बिहार के पास स्पष्ट आंकड़े होंगे, जिनके आधार पर विकास योजनाएं लागू करने में सुविधा बढ़ जाएगी।

बिहार में विगत दो वर्ष से जातिगत जनगणना की मांग चल रही थी। सभी दल इस गणना को लेकर सहमत थे, पर केंद्रीय स्तर से मंजूरी नहीं मिल रही थी। तब बिहार सरकार ने अपने दम पर गणना का बीड़ा उठाया। एक सर्वदलीय बैठक के बाद २ जून, २०२२ को राज्य कैबिनेट ने परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति की जानकारी जुटाने सहित जाति आधारित सर्वेक्षण के लिए भी हरी झंडी दिखा दी। गणना का अब फैसला पुराना है और बुनियादी तैयारी में स्वाभाविक ही छह महीने का समय लगा है। सरकार की तैयारी पुख्ता दिख रही है और जिसके नतीजे शायद इसी साल जून से सामने आने लगेंगे। जाति एक सत्य है और बिहार जैसे पिछड़े व तेजी से विकासशील राज्य में पुख्ता आंकडे ़बहुत जरूरी हैं। बिहार राज्य अभी तक केंद्र की रीति-नीति के हिसाब से चलता रहा है, लेकिन अब बहुत जरूरी है कि यह राज्य अपनी जरूरतों को देखते हुए विकास का नया भविष्य लिखे। पिछले पचास वर्ष में बिहार और दूसरे विकसित राज्यों में फासला बहुत बढ़ गया है। तमिलनाडु की नीति बिहार में सोलह आना कारगर नहीं हो सकती, अतः इस हकीकत को अगर हम समझें, तो जातिगत गणना की भूमिका समझ में आएगी। बेशक, जाति से ऊपर उठकर आचरण करना चाहिए, पर यह हकीकत है कि जाति के आधार पर पूरा व्यवहार चलता है, जिससे सामाजिक और आर्थिक स्थिति भी प्रभावित होती है। जाति के आधार पर आरक्षण व योजनाओं की जरूरत से कोई इनकार नहीं कर सकताहिंज;ैं ⁄

बीत गया वह समय, जब समझा गया था कि जातिगत गणना से समाज में भेदभाव बढ़ेगा। इसी का परिणाम है, आजाद भारत में सरकारों के पास जाति संबंधी परोक्ष आंकड़े तो हैं, पर कभी इन्हें जारी करने की जरूरत नहीं समझी गई। आज यह सोचना भी सही नहीं है कि जातिगत आंकड़ों को कोई नियंत्रित कर सकता है या उनका दुरुपयोग हो सकता है। विकास की एक बुनियाद तो देश में खड़ी हो गई है, अब जरूरत है कि जो लोग अभी भी वंचित हैं, उन तक पहुंचा जाए। बिहार में जातिगत जनगणना के आंकड़ों से अगर वंचितों को सकारात्मक लाभ होता है, तो पूरे देश को इस दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

## पेज १ का शेष

**वेंटिलेटर पर शिदे-फडणवीस...**

**'न्याय व्यवस्था पर दबाव नहीं, तो सरकार फरवरी देख सकेगी नहीं'**

संजय राउत शनिवार को नासिक में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'तस्वीर धीरे-धीरे बदल रही है। महाराष्ट्र का राजनीतिक वातावरण बदलाव की दिशा में जा रहा है। २०२४ की तैयारी शुरू है। लेकिन बदलाव उससे पहले ही हो सकता है। अगर हमारी न्याय व्यवस्था पर दबाव नहीं डाला गया तो यह सरकार फरवरी महीना नहीं देख पाएगी। न्यायव्यवस्था में दबाव काम करेगा, ऐसा लगता नहीं।'

**'सुप्रीम कोर्ट ने वेंटिलेटर निकाला, और हुआ इनका- हे राम'**

राउत ने कहा, 'इनके १६ विधायकों को अयोग्य ठहराना ही होगा, वरना संविधान का अपमान होगा। ये सिर्फ टाइम गुजार रहे हैं। विपत्ति टाल रहे हैं। सरकार वेंटिलेटर पर है। सुप्रीम कोर्ट ने जैसे ही वेंटिलेटर निकाला, तो इनका 'हे राम' हो जाएगा। कोई इनके साथ नहीं रह जाएगा। अब यह सरकार कब उलटती है। कब चुनाव के लिए जाने वाली है, जनता इस इंतजार में है। विधानसभा सत्र में रोज एक मंत्री का भ्रष्टाचार सामने आ रहा था, लेकिन यह सरकार गेंडे की खाल ओढ़ कर बैठी रही।'

**'शिवसेना एक महावृक्ष, इससे जो गिरा कचरा, एकनाथ शिंदे ने बटोर लिया'**

आगे संजय राउत ने कहा, 'शिवसेना एक महावृक्ष है। यह गुट, वह गुट, ये सब तत्काल की बातें हैं, बेकार की बातें है। शिवसेना एक ही है। जिसका बीज बालासाहेब ठाकरे ने बोया था। आज इस पेड़ को उद्धव ठाकरे सींच रहे हैं। इससे जो कचरा गिरा, वो सीएम शिंदे ने बटोर लिया। फिर नए पत्ते पनपेंगे।'

**मुंबई के मस्जिद बंदर...**

**आग की वजह पता नहीं लगी, संपत्ति तबाह हुई पर जान बची**


फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी के मुताबिक यह आग रात आठ बज कर पंद्रह मिनट में एक दुकान में लगी। देखते-देखते इस आग ने प्रचंड रूप धारण कर लिया और आस-पास की दुकानों को भी अपने लपेटे में ले लिया। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के आने से पहले स्थानीय लोगों ने आग बुझाने के लिए बाल्टियां भर-भर कर पानी लाकर झोंका। लेकिन आग ने इतनी तेजी से प्रचंड रूप धारण किया कि इतना काफी नहीं था।

फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में लगी हुई है। एक अधिकारी के मुताबिक जल्दी ही आग पर काबू पा लिया जाएगा। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करके आग लगने की वजह जानने की कोशिश कर रही है। फिलहाल शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान जताया जा रहा है। लेकिन पक्के तौर पर इस बारे में तभी कुछ कहा जा सकेगा जब आग बुझाने का काम खत्म हो जाएगा। संपत्तियों का भी कितना नुकसान हुआ है, इसका फिलहाल पूरी तरह से अनुमान लगाना आसान नहीं है। इन सभी सवालों के जवाब आग बुझ जाने के बाद ही मिल सकेंगे।

# माता बनी कुमाता

## दूसरी बार बेटी होने पर, क्रूर मां ने रुमाल से गला घोंटकर मार डाला

■ कदम कदम पर संवाददाता



**मुंबई।** कहते हैं, हिसाब भी लगाया जाए तो मां का रिश्ता किसी भी और रिश्ते से नौ महीना ज्यादा ठहरता है। ये भी कहते हैं कि कोई संतान नालायक हो सकती है, लेकिन माता कभी कुमाता नहीं हो सकती। किताबों में यह नहीं लिखा होता है कि माता भी कुमाता हो सकती है। लेकिन हकीकत में ऐसा भी होता है। महाराष्ट्र के लातूर में एक मां को बेटे की तमन्ना थी। यह तमन्ना पूरी नहीं हुई। पहली बेटी के बाद उसे दूसरी भी बेटी हो गई। उसने गुस्से में अपने तीन दिन की बच्ची का रुमाल से गला घोंट दिया। उस मासूम का सिर्फ यही दोष था, वो बेटी बन कर इस दुनिया में आई, बेटा बन कर नहीं! इस क्रूर मां का नाम रेखा किसन चव्हाण है। यह उस्मानाबाद जिला के लोहारा तहसील के होली नाम के इलाके की रहने वाली है जो फिलहाल लातूर की एक बस्ती में रह रही है। इस महिला की उम्र २५ साल है।

**तीन दिन भी जिंदा नहीं रहने दिया, उसने मर्जी से थोड़ी ना बेटी बन जन्म लिया?**

२७ दिसंबर को प्रसव पीड़ा उठने के बाद यह महिला लातूर के काटगांव वसंतनगर तांडा के पास एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलिवरी के लिए एडमिट हुई। यहां उसने एक सुंदर सी बच्ची को जन्म दिया। लेकिन दूसरी बार भी बेटी होने की वजह से रेखा किसन चव्हाण का मन खिन्न हो गया। उसने इसी गुस्से में २९ दिसंबर २०२२ को रुमाल से अपनी तीन दिन की फूल सी बच्ची का गला घोंट दिया।

**आरोपी मां पर हत्या का दर्ज हुआ केस, पुलिस ने किया अरेस्ट**

गातेगांव पुलिस ने जांच और पूछताछ की तो उसे शक हो गया कि मां ने ही बच्ची का कत्ल किया है। थोड़ी सी पूछताछ में ही रेखा किसन चव्हाण ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। गातेगांव पुलिस थाने में उसके खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

**मां ने ही जिंदगी जीने से पहले दी मौत, ये कैसी दुनिया में जी रहे हमलोग?**

इस दर्दनाक और खौफनाक घटना की खबर पूरे जिले में फैल गई। हर शख्स के जेहन में बस एक ही सवाल है, बच्ची ने क्या गुनाह किया था? कुछ निस्संतान दंपत्ति यह कह रहे हैं, कि हमें दे दिया होता, हम बड़े लाड़-प्यार से उसे पालतेष्ठ यह घटना यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर कैसे एक मां ने ही उस मासूम को जिंदगी जीने से पहले ही दे दी मौत, ये किस तरह की दुनिया में जी रहे हैं हमलोग?

# 'उद्धव-रश्मि को सच बताया तो वे चप्पलों से मारेंगे', राणे-राउत फाइट हुई टाइट

■ कदम कदम पर संवाददाता

**मुंबई।** इन दिनों महाराष्ट्र में ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत और केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बीच फुल टू फिल्मी फाइट शुरू है। अमर अकबर एंथोनी के अमिताभ बच्चन की तरह संजय राउत ने कहा था कि केंद्र की सुरक्षा से बाहर आओ, फिर बताता हूं। राउत ने नारायण राणे को भगोड़ा और डरपोक कह दिया था। ईडी के डर से पार्टी बदलने वाला कहा था। राणे ने आज विनोद खन्ना बन कर कह दिया, सुरक्षा छोड़ कर आने को तैयार हूं, बोलो कहां आना है? यह सुरक्षा मैंने नहीं मांगी है, मुझे मिली है और आज से नहीं मिली है।'

इसके बाद नारायण राणे ने कहा कि जब इतिहास लिखा जाएगा तो उनका नाम शिवसेना को बढ़ाने वालों में आएगा, संजय राउत का नाम शिवसेना को खत्म करने वालों में आएगा। राणे ने राउत को राजनीति का जोकर कहा और कहा कि आज तक उसने एक भी बड़ा सामाजिक काम नहीं किया। बस रोज सुबह उठ कर इस पर बोलो, उस पर बोलो। पता नहीं मीडिया उन्हें इतना क्यों दिखाता है। जिसके कंधे पर राउत ने हाथ रखा, वो खत्म हो गया। नारायण राणे आज (७ जनवरी, शनिवार) मुंबई में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

राणे ने कहा, 'एक ना एक दिन तो मैं उद्धव ठाकरे से जरूर मिलूंगा। जानते हैं क्यों? क्योंकि जब मैं राज्यसभा सांसद था तो वे मेरे बगल में बैठ कर उद्धव ठाकरे और रश्मि ठाकरे के बारे में क्या-क्या कहा करते थे। वो सब उनको बताऊंगा। उन दोनों को वो सब पता लगेगा तो वे दोनों राउत को चप्पलों से मारेंगे।'

संजय राउत ने इसके बाद नासिक में पत्रकारों से बात करते हुए जवाब में कहा दिया, 'जब से नारायण राणे ने शिवसेना छोड़ी, तब से आज तक मैं उनसे कभी नहीं मिला। मैं गद्दारों का मुंह भी देखना पसंद नहीं करता। आज ही मेरी उद्धव ठाकरे से इस मुद्दे पर बात हुई। वे भी हंस रहे थे। शुरुआत किसने की? उद्धव ठाकरे, रश्मि ठाकरे और आदित्य ठाकरे के बारे में कितनी गंदी-गंदी बातें उन्होंने कही है।'

# शोक सभा संपन्न



७ जनवरी २०२३ को ग्राम रहाटीकर जनपद प्रतापगढ़ में रामसेवक शर्मा इंटर कॉलेज रहाटीकर के संस्थापक स्मृति शेष रामसेवक शर्मा के निधन के पश्चात तेरहवीं के अवसर पर मौलिक अधिकार पार्टी के प्रदेश महासचिव राम बहादुर शर्मा जी ने हाई कोर्ट इलाहाबाद की लखनऊ बेंच द्वारा पिछड़े वर्ग के आरक्षण को खत्म करने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार आरक्षण विरोधी है, यह पूंजी पतियों को बढ़ावा दे रही है। देश की संपत्तियों को अदानी अंबानी के हाथों बेच रही है, रेलवे स्टेशन हवाई अड्डे और सरकारी कंपनियां बेंच चुकी है। निजीकरण कर रही है। गरीबों को गरीब और अमीरों को अमीर बनाने का कार्य कर रही है ।उत्तर प्रदेश सरकार निहायत निकम्मी है। यह जाति आधारित जनगणना नहीं करवा रही है जबकि बिहार प्रदेश में जाति आधारित जनगणना हो रही है। मौलिक अधिकार पार्टी राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन के जरिए जनसंख्या के अनुपात में हिस्सेदारी, साथी छेदीलाल आयोग की संस्तुतियों के अनुरूप ४०.५ऊ अति पिछड़ी जातियों को और मध्य पिछड़े वर्ग को १५:१२ के अनुपात में पृथक आरक्षण देने के लिए ज्ञापन दे चुकी है ,और महामहिम आनंदीबेन पटेल राज्यपाल उत्तर प्रदेश सरकार को इस संबंध में १७ जनवरी२०२३ को प्रत्येक जनपदों में ज्ञापन देगी। इसके पश्चात संचालक मास्टर राम अभिलाष शर्मा जी ने स्मृति शेष रामसेवक शर्मा जीके सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया की आप ने अपने पीछे ७ पुत्रों और भरे पूरे परिवार को छोड़कर परलोकवासी हुए हैं। इस अवसर पर एआईएमसीईए के बृजेंद्र नाथ शर्मा लालता प्रसाद शर्मा सुरजीत कुमार शर्मा उमाशंकर शर्मा विनोद कुमार शर्मा एडवोकेट सुभाष शर्मा मंगरु शर्मा दयाराम प्रधान कृपा शंकर शर्मा आदि लोगों के साथ परिवार के अनिल कुमार शर्मा सुनील कुमार शर्मा सुधीर कुमार शर्मा पप्पू शर्मा आदि पूरे परिवार के लोग उपस्थित रहे।

अंत में उपस्थित जनसमूह ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति हेतु २ मिनट का मौन रखकर शोक सभा की।

# ऑल इंडिया महापदमनंद कम्यूनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन की बैठक संपन्न



■ कदम कदम पर संवाददाता

ऑल इंडिया महापदमनंद कम्यूनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जनपद की बैठक ८ जनवरी को मंडल अध्यक्ष के निवास त्रिवेणी नगर नैनी प्रयागराज में संपन्न हुई जिसमे निम्न बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष महोदय ऑल इंडिया महापदमनंद कम्यूनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन उ० प्र० के निर्देश के अनुपालन के क्रम में दिनांक १८ जनवरी २०२३ को समय दोपहर ११:०० बजे अन्य पिछड़ा वर्ग त्रिस्तरीय आरक्षण संबंधी ज्ञापन श्रीमान, जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल महोदया को संबोधित ज्ञापन दिया जाएगा जिसमे संगठन के पदाधिकारियों/सदस्यों के अतिरिक्त सभी सजातीय बंधुओ को उपस्थिति प्रार्थनीय है। ऑल इंडिया महापदमनंद कम्यूनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जनपद प्रयागराज द्वारा करछना तहसील में दिनांक २४ जनवरी २०२३ मंगलवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती समारोह के सफल आयोजन हेतु विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से प्रयागराज मंडल अध्यक्ष, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश वर्मा, जनपद प्रयागराज अध्यक्ष शिवशंकर शर्मा, करछना तहसील अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार शर्मा, करछना तहसील सचिव बृजेश शर्मा के अतिरिक्त श्री आदित्य नारायण सेन, सानिध्य शर्मा, सक्षम शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# गर्लफ्रैंड को दी धमकी तो दोस्त को घर बुलाकर चाकू से किया हमला

■ कदम कदम पर संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई में मलाड पुलिस ने शनिवार को एक २० वर्षीय छात्र को अपने साथ पढ़ने वाले दूसरे छात्र को चाकू मारने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। ये तो हो गई खबर मगर इसके पीछे कहानी फिल्मी है। दरअसल, जिस लड़के को गिरफ्तार किया गया है वो एक लड़की से प्यार करता था। इसके बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया। अब वो धमकी देता था कि उसके साथ वापस आ जाओ वरना रिलेशनशिप की बात लड़की के पिता से बता देगा। लड़की का अफेयर उसके दोस्त से हो गया था। दूसरे लड़के जिसको चाकू मारी थी वो उसकी गर्लफ्रैंड का पूर्व प्रेमी है।

अधिकारियों ने कहा कि पीड़ित लड़का (जिसको चाकू मारी गई) कथित तौर पर लड़की को धमकी दे रहा था कि अगर वह उसके साथ वापस नहीं आई तो वह उसके पिता को उनके रिश्ते के बारे में सूचित करेगा और उसकी प्राइवेट तस्वीरें भी दिखाएगा। पुलिस के अनुसार २० वर्षीय पीड़ित मलाड पश्चिम के एक कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष का छात्र है और जोगेश्वरी पूर्व में रहता है। अधिकारियों ने कहा कि वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने शुक्रवार दोपहर वीडियो गेम खेलने के बहाने पीड़ित एनिमल लवर को अपने घर बुलाया। उसने यह भी कहा कि युवकों को लुभाने के लिए उसके पास जानवर भी थे। जब पीड़ित गेम खेलने में व्यस्त था, तभी आरोपी ने उसके सिर पर दरांती से हमला कर दिया।

# बच्चों को संस्कारवान बनाना माता-पिता की जिम्मेदारी : शैलेष पाण्डेय

## सविता स्मृति सरोज फाउंडेशन के स्थापना दिवस पर हुए विविध आयोजन

■ कदम कदम पर संवाददाता

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** सविता स्मृति स्वरूप फाउंडेशन का आरंभ ३१ दिसंबर को सविता प्रथमेश के जन्मदिन के अवसर पर किया गया। इस अवसर




पर फाउंडेशन की नाम पट्टिका का अनावरण शिक्षाविद् बिलासपुर विधायक शैलेष पांडेय द्वारा किया गया। इसके पश्चात शिक्षा की समझ और सामाजिक व्यवहार विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई जिसमें पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रीतपाल बाली और व्यक्तित्व उत्प्रेरक, प्रसिद्ध लेखक द्वारिका प्रसाद अग्रवाल ने उद्बोधन दिया। अग्रवाल ने कहा कि पहले शिक्षा की समझ मातृभाषा में थोड़ी बहुत संभव थी अब अंग्रेजी माध्यम में वह भी संभव नहीं है। शिक्षा का मतलब अब ज्ञान प्राप्ति नहीं बल्कि जानकारियां एकत्र कर उन्हें याद रखना हो गया है। शिक्षा की समझ से तात्पर्य है कि देश का हर नागरिक एक दूसरे का सम्मान करे। शिक्षा की समझ का संबंध जागरूकता से होता है। बाली ने कहा कि हमें अपने मां बाप से समाज से बचपन से ही ऐसे संस्कार मिलते हैं कि यदि हम उन्हें ही याद रखें और उनके अनुसार ही व्यवहार करें तो हममें शिक्षा की वह समझ आ जाएगी जिसके लिए आज हमें ऐसी परिचर्चाएं करनी पड़ रही हैं। हमारे संस्कार थे कि हम अपने पड़ोसी से बात बात में पूछ लेते थे कि आज उसके घर खाना बना है कि नहीं और यदि उसे कोई परेशानी रहती थी तो बगैर उसके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाए उसकी सहायता कर देते थे, यही शिक्षा की समझ और सामाजिक व्यवहार होता है।

कार्यक्रम में कुमारी आकांक्षा बाजपेयी ने मंथरा एक सत्य विषय पर मंथरा का प्रभावोत्पादक एकल अभिनय कर उपस्थितजनो को मंथरा के अलग रूप से परिचित कराया। कुमारी शुभांगी बाजपेयी ने अपनी गंभीर और विचार करने लायक कविताओं का पाठ किया। फाउंडेशन के कार्यों के बारे में जानकारी संस्थापक और निदेशक प्रथमेश सविता ने दी और कहा कि यह फाउंडेशन कंपनी एक्ट के सेक्शन आठ में रजिस्टर्ड है इसके शेयर लेने पर आपको जो लाभांश मिलेगा वह अमूल्य होगा। फाउंडेशन द्वारा हरदेवदत्त व किरण मिश्र के हाथों कुमारी निधी तिवारी को उनकी संस्था निधी जीवाश्रय को पशु सेवा वाहन मारुति वैन की चाबी प्रदान की गई। बिलासपुर विधायक शैलेष पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि पहले हम बच्चों को चलना खेलना सिखाते हैं दौड़ना सिखाते हैं फिर बड़े होने पर उनपर पढ़ाई का बोझ डालकर खेलने दौड़ने से मना करते हैं। हर माता पिता अपने कर्तव्य बोध के रूप अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देता है। हमें मूल्यों पर आधारित शिक्षा से लोगों को शिक्षित करना पड़ेगा, प्रशिक्षण भी देना होगा और संस्कारवान भी बनाना होगा। विधायक शैलेष पांडेय ने सविता स्मृति स्वरोज फाउंडेशन को उसके कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए अपना एक माह का वेतन प्रदान करने की मंशा जाहिर की और आगे भी शासन प्रशासन और निजी रूप से सहयोग देने का वादा किया। कार्यक्रम का प्रभावपूर्ण संचालन ऐश्वर्य लक्ष्मी बाजपेयी ने और भावपूर्ण आभार प्रदर्शन शिवा मिश्रा ने किया।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**

**संरक्षक**
जे.पी. शर्मा

**संपादक**
छोटेलाल शर्मा
09819862172

**प्रबंध संपादक**
अनिल शर्मा
09833329721

**उप संपादक**
हरिशंकर शर्मा (मुंब्रा)
राजन शर्मा

**आर्थिक सलाहकार**
सतीशचंद्र गुप्ता

**प्रतिनिधि**
सौरभ उमेश प्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा

**कानूनी सलाहकार**
एड. बी.एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
मो. 9452791570
(न्याय क्षेत्र मुंबई)

**सभी पद अवैतनिक हैं**
**व्हॉट्सएप नं. 9833235063**
E-mail:kadamkadampar1@gmail.com

# संगीतमय काव्य गोष्ठी सम्पन्न




■ कदम कदम पर संवाददाता

**ठाणे।** प्रेमांजलि साहित्य संस्था, मुंबई द्वारा आयोजित भव्य संगीतमय काव्य गोष्ठी का आयोजन रेणु शुशिल सक्सेना के यहाँ वृंदावन सोसाइटी ठाणे (प.) में किया गया। अध्यक्षता एन. बी. सिंह 'नादान' जी (वरिष्ठ ग़ज़लकार) एवं मुख्य अतिथि मंजू गुलराजानी जी की उपस्थिति में हुआ। मधुर गायिका रेणु सक्सेना जी के संचालन ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिया। कवि कवयित्री, गायक, गायिका, गीतकार, संगीतकार, ग़ज़लकारों ने अपनी अप्रतिम गीतों और रचनाओं से खुशी का माहौल बनाकर सभी का मन मोह लिया।

तालियों की गड़गड़ाहट और होंठों पर मुस्कान लिए खुशियों से भरी इस शानदार महफिल में अदब की शख़्सियत शिल्पा सोनटक्के, रेहाना शेख, आभा दवे, वर्षा महेश कोस्ते, इंदिरा हिरदानी, जमील शाद, रमाकांत वर्मा, गायक पवन शर्मा, अरुण मांडे, शुशिल सक्सेना एवं गायक सत्याचरण चरण शर्मा की गर्वान्वित उपस्थिति रही। गायिका रेणु सक्सेना व उनके पति शुशिल सक्सेना जी ने अपनी सेवा व स्वभाव, शिष्टाचार से सबको इंसानियत से जीने का एक नया सबक दिया। गायिका रेणु सक्सेना, शिल्पा सोनटक्के, आभा दवे, वर्षा महेश और गायक पवन शर्मा, जमील शाद, सत्याचरण शर्मा ने क्या खूब मधुर सुरीली आवाज़ में गीत ग़ज़ल गाकर शमा बांध दिया। संस्थापक अध्यक्ष व संयोजक श्रीराम शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। और सभी प्रेमियों के उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दिया।

## मुंबई मनपा गट के नेता विनोद मिश्रा के कर कमलों द्वारा

# मेट्रो दिनांक कैलेंडर का विमोचन संपन्न

■ कदम कदम पर संवाददाता


**मुंबई।** मुंबई में नए वर्ष के शुभ अवसर पर मेट्रो दिनांक समाचार पत्र का १६ वां वार्षिक कैलेंडर विमोचन मुंबई मनपा भाजपा गट के नेता के कार्यालय में संपन्न हुआ इस शुभ अवसर पर मुंबई मनपा गट के नेता श्री विनोद मिश्रा के कर कमलों द्वारा कैलेंडर का विमोचन और प्रधान संपादक दीनानाथ तिवारी का जन्मदिन, विनोद मिश्रा के साथ केक काटकर मनाया गया इस अवसर पर मेट्रो दिनांक समाचार पत्र की मुद्रक प्रकाशक श्रीमती मंजू तिवारी मेट्रो दिनांक समाचार पत्र के संरक्षक राम कुमार पाल के अलावा वरिष्ठ पत्रकार शिव शंकर तिवारी, ओपी तिवारी, संतोष तिवारी, अरुण गुप्ता, रोहित जयसवाल, पूजा पांडे, शिव प्रकाश सोनी, नवीन पांडे, प्रवीण राजगुरु, सत्य प्रकाश सोनी, राजेश पाल, लव कुश तिवारी, राजेंद्र पाल, सुरेश वाकडे, निलेश पांडे, जयेश गोहिल, सुरेश वाकडे, बृजेश सिंह, बबलू मिश्रा, अष्ट आनंद पांडे, प्रमोद यादव, विनोद नायक, उपेंद्र पंडित, कंचन तिवारी, पूजा कामले के अलावा भाजपा की वरिष्ठ महिला पदाधिकारी नूतन सिंह, भारती भिंडे, शैलेंद्र दुबे, मुन्ना सिंह, संतोष यादव, दरोगा तिवारी, केशव भाई, राम कुमार विश्वकर्मा, के अलावा मेट्रो दिनांक समाचार पत्र व मेट्रो दिनांक टीवी न्यूज़ के शुभचिंतक पाठक लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।




# दहशत की दरार!

**धंस रहे जोशीमठ में हालात बदतर, ६०० परिवार शिफ्ट होंगे**

■ कदम कदम पर संवाददाता





**देहरादून।** उत्तराखंड के जोशी मठ में जमीन धंस रही है। ५६१ घरों में दरारें आ गई हैं। इसके बावजूद ऋइण के हाइडल प्रोजेक्ट की सुरंग और चार धाम ऑल-वेदर रोड (हेलंग-मारवाड़ी बाइपास) का काम रोका नहीं गया है। ये हाल तब है, जब सरकार ने इन पर तत्काल रोक लगा दी थी। इसके बाद कागजों पर काम बंद हो गया, लेकिन मौके पर बड़ी मशीनें लगातार पहाड़ खोद रही हैं।

इधर, जोशीमठ में लगातार भूजल रिसाव हो रहा है। हालात बदतर होते जा रहे हैं। ५० हजार की आबादी वाले शहर का दिन तो कट जाता है, लेकिन रात ठहर जाती है। लोग कड़ाके की ठंड में घर के बाहर रहने को मजबूर हैं। उन्हें डर लगा रहता है कि घर कभी भी ढह सकता है। सबसे ज्यादा असर जोशीमठ के रविग्राम, गांधीनगर और सुनील वार्डों में है। यह शहर ४,६७७ वर्ग किमी में फैला है।

**६ महीने तक घरों का किराया देगी राज्य सरकार**

उत्तराखंड के CM पुष्कर धामी शनिवार को जोशीमठ जाएंगे। धामी ने शुक्रवार को हाई लेवल मीटिंग में डेंजर जोन को तत्काल खाली कराने और प्रभावित परिवारों के लिए सुरक्षित जगह पर बड़ा पुनर्वास केंद्र बनाने का आदेश दिया था। वहीं, खतरनाक मकान में रह रहे ६०० परिवारों को तत्काल शिफ्ट करने के निर्देश दिए थे।

सरकार ने उन परिवारों को किराए के मकान में जाने को कहा है, जिनके घर रहने लायक नहीं हैं या क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सरकार उन्हें किराये के तौर पर हर महीने ४ हजार रुपए देगी। यह राशि ६ अगले महीने तक एश रिलीफ फंड से मुहैया कराई जाएगी।

पहला: ऋइण की हाइडल प्रोजेक्ट की सुरंग और चारधाम ऑल-वेदर रोड निर्माण को इन हालात के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। सुरंग में मलबा घुस गया था। अब सुरंग बंद है। प्रोजेक्ट की १६ किमी लंबी सुरंग जोशीमठ के नीचे से गुजर रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि संभवत: सुरंग में गैस बन रही है, जो ऊपर की तरफ दबाव बना रही है।

**दहशत की दरार!...**

इसी कारण जमीन धंस रही है।

दूसरा: जोशीमठ का मोरेन पर बसा होना।

**जमीन धंसने से क्या हो रहा है?**

जोशीमठ अलकनंदा नदी की ओर खिसक रहा है। जद में सेना की ब्रिगेड, गढ़वाल स्काउट्स और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की बटालियन भी है।

जोशीमठ का वजूद ही मिट सकता है: भूगर्भ वैज्ञानिकों ने चेताया है कि तत्काल निर्णायक कदम नहीं उठाया तो बड़ी आपदा आ सकती है। जोशीमठ का वजूद ही मिट सकता है।

सबसे ज्यादा रविग्राम वार्ड के घरों में दरारें: जोशीमठ में कुल ५६१ घरों-दुकानों में जमीन धंसने के बाद दरारें मिलने की जानकारी सामने आई है। इनमें सबसे ज्यादा प्रभावित १५३ घर रविग्राम वार्ड के हैं। गांधीनगर वार्ड में १२७, मारवाड़ी वार्ड में २८, लोअर बाजार वार्ड में २४, सिंहधर वार्ड में ५२, मनोहर बाग वार्ड में ७१, अपर बाजार वार्ड में २९, सुनील वार्ड में २७ और ५० परसारी के मकान-दुकानों में दरारें दर्ज की गई हैं।

## नववर्ष स्नेह मिलन एवं कवि सम्मेलन का आयोजन





■ कदम कदम पर संवाददाता

सीखड़ नववर्ष स्नेह मिलन एवं कवि सम्मेलन का आयोजन हरदरा गांव में डॉ राजकुमार सिंह के आवास पर आयोजित किया गया जिस पर परिचर्चा का विषय नशा छोड़ो बचत सुरक्षा और रोजगार से नाता जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मझवा विधायक डॉ क्टर विनोद बिंद एवं एमएलसी आशुतोष सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मझवा विधायक डॉ विनोद बिंद ने कहां की नाश नाश्ता द्वार खोलता है नशा अधिक होने पर बर्बादी का कारण बनता है नशा जो लोग करते हैं छोड़ दे जिंदगी मिली है देश व समाज की बुराई दूर करने के लिए आज के युवा ज्यादातर नशा को गले से लगाए हुए हैं छोड़कर रोजगार की तरफ ध्यान दें जिस तरह से नशा करके लोग मंदिर में नहीं जाते हैं उसी तरह नशे में घर पर भी नहीं जाना चाहिए घर भी एक मंदिर की तरह है किसी भी व्यक्ति को नशा नहीं करना चाहिए हमारे देश के युवा साथियों पर देश का दायित्व जुड़ा है नशा के चलते युवा प्रगति नहीं कर पा रहा है इधर उधर भटक रहे है देश का कल्याण तभी होगा जब युवा नशा से से दूर रहे एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं नशा बर्बादी का कारण है युवाओं को नशा की लत से दूर रहने की जरूरत है तभी परिवार खुशहाल रहेगा उक्त अवसर कार्यक्रम आयोजक डॉ राजकुमार सिंह सुशील सिंह मांधाता सिंह गुड्डू सिंह मनोज सिंह शीतलेश्वर पाठक लोकनाथ गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे



पैठन पावन भूमि में महाराष्ट्र राज्य पेंशनर्स एसोसिएशन के राज्य स्तरीय मीटिंग में केबिनेट मंत्री श्री संदीपन जी भुमरे के साथ वैजापूर तालुका अध्यक्ष धोंडी-राम सिंह राजपूत, अशोक पवार खंदलकर आदि मान्यवर।



पैठन पावन भूमि पर महाराष्ट्र राज्य पेंशनर्स एसोसिएशन के राज्य स्तरीय मीटिंग मेळावा मे फलोत्पादन मंत्री, संदीपान जी भुमरे के साथ महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष अशोक पवार खंदलकर।



शिक्षण निरीक्षक बृहन्मंबई उत्तर विभाग तथा एम पूर्व विभाग विज्ञान प्रदर्शन व सह शालेय उपक्रम समिति द्वारा नूतन विद्या मंदिर वि ना पुरव मार्ग मानखुर्द में आयोजित तालुका स्तरीय विज्ञान प्रदर्शन २०२२-२०२३ में सौर ऊर्जा पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। संचालक ट्राम्बे पब्लिक स्कूल और मुंबई कांग्रेस के नेता डॉ सत्तार खान। फोटो: कपिलदेव खरवार



आज औरंगाबाद महाराष्ट्र में सेन समाज महाराष्ट्र के जेष्ठ मार्गदर्शक, सबके चहते, एडीसीसी बैंक के पूर्व संचालक, आदरणीय शांतिलाल जी छापर वाल के ७३ वे वर्षगांठ व महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के स्थापना दिवस पर सम्मान करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अशोक पवार, सुरेश जी छापर वाल, डॉ हरीश जी, डॉ शर्माजी आदि मान्यवर।

### शोक संदेश



आज दिनांक ०७.०१.२०२२ को मेरी श्रद्धेया माता जी श्रीमती दुलारी सिंह जी पत्नी श्री राजबली सिंह जी का (हार्ट अटैक) हृदय गति रूकने के कारण दोपहर १.०० बजे स्वर्गवास पैतृक निवास गांव शेरपुर, पोस्ट दुर्गागंज, जिला भदोही उत्तर प्रदेश में हो गया।

**उमेश प्रताप सिंह (संतोष सिंह)**
आर्य समाज माटुंगा मुंबई

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक प्रकाशक : **छोटेलाल शर्मा** ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन.एम. जोशी मार्ग, भायखला (प), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रूम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरूनगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई ४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादक : **छोटेलाल शर्मा** (मो. ०९८१९८६२१७२
E-mail : kadamkadampar1@gmail.com